यूटीयू में कैम्पस इंस्टीटट्यूट मैनेजमेंट सिस्टम लांच

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 23वीं वर्षगांठ को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने राज्य आन्दोलन में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले शहीद आन्दोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि विवि की प्रगति एवं शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने पर जोर दिया। इस मौके पर कुलपति द्वारा 'यूटीयू कैम्पस इंस्टीट्यूट मैनेजमेंट सिस्टम' लॉच किया गया। इसके तहत सभी कैम्पस संस्थानों में ई-ऑफिस सिस्टम लागू होगा। इससे संस्थानों से सभी पत्रावलियों एवं फाइलों का मूवमेंट इसी सिस्टम के माध्यम से होगा। ई-ऑफिस सिस्टम संचालित होने से कार्यों को समयबद्ध व पारदर्शिता के साथ किया जा सकेगा। इस मौके पर कुलसचिव डा.सत्येन्द्र सिंह, वित्त नियंत्रक बिक्रम सिंह जंतवाल आदि मौजूद थे।